दिनांक 19.06.2017

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर निगम कार्यालय की व्यवस्था को चॉक चौबंद बनाने तथा विभागवार कार्य की जानकारी लेने आयुक्त के0एल0 चौहान प्रातः 10:30 बजे मुख्य कार्यालय के विभिन्न विभागों का आकस्मिक निरीक्षण कर वाहन शाखा में पड़े वाहनों के कबाड़ को नीलाम करने तथा नये निगम कार्यालय भवन निर्माण के प्रगति की जानकारी ली।

आयुक्त श्री चौहान आज 10:30 बजे मुख्य कार्यालय के सम्पत्तिकर, राजस्व, भवन अनुज्ञा, सम्पदा, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, कक्ष में अचानक पहुंचकर कर्मचारियों से उनकी कार्य शैली स्वाईप मशीन से लिये जाने वाले निगम कर के संबंध में जानकारी प्राप्त किये। उन्होने भवन संधारण एवं वाहन शाखा भवन में पहुंचकर वहॉ रखे कण्डम वाहनों की जानकारी लेकर इसे निलामी प्रक्रिया के तहत् विक्रय के प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिये । उन्होने निगम भवन में पड़े दरारों को देखकर भवन के निर्माण अवधि की जानकारी प्राप्त करने के बाद कहा कि शासन द्वारा निगम कार्यालय के नये भवन निर्माण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। नवीन कार्यालय भवन निर्माण के लिए प्रारंभिक रुप से तैयारी पूर्ण कर उसे प्रक्रिया में लावें ताकि भवन निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो सके। उन्होने कार्यालय भवन के विभिन्न विभागों में पहुंचकर कर्मचारियों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्य तथा उसके प्रक्रिया के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। आयुक्त ने कर्मचारियों से कहा कि आप सब अपने निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होवें तथा सौपें गये दायित्वों का निष्ठा पूर्वक सम्पादन करें।

कार्यालय भवन के निरीक्षण पश्चात् आयुक्त श्री चौहान निगम कार्यालय में लगने वाले जनदर्शन में शामिल होकर आने वाले आवेदकगणों से प्राप्त आवेदनों पर संबंधित जोन एवं विभाग को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये और सभी आवेदनों का निराकरण समय सीमा में पूर्ण कर लेने को कहा। उन्होने सूचना के अधिकार आवेदनों के लिए नई व्यवस्था बनाते हुए जोन कार्यालय में जनसूचना अधिकारी की नियुक्ति के आदेश प्रसारित किये हैं जिसके तहत् प्रत्येक जोन का आयुक्त जनसूचना अधिकारी तथा सहायक यंत्री सहायक सूचना अधिकारी होगें। अब सूचना के अधिकार के तहत् नागरिकों को जानकारी के लिए अपना आवेदन संबंधित जोन में भी कर सकतें है।

जनसम्पर्क अधिकारी